**त्रिवेणी रोड पर कायदे तोड़े, देखने भी नहीं गए**

# श्याम सुंदर कबाड़ी पर 15 हजार जुर्माना किया

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में नगर निगम के वसूली करने वाले दल का दो चेहरा सामने आया है। एक तरफ दिलीप नगर में सड़क पर कबाड़े फैलाने वाले श्याम कबाड़ी पर रविवार को 15 हजार रुपए का जुर्माना कर दिया गया, दूसरी तरफ कोरोना के कायदे तोड़कर त्रिवेणी रोड पर दिनभर हाट बाजार चलता रहा, यहां कोई अधिकारी देखने तक नहीं आया।

## यहां फैलाया हुआ कबाड़ा



सड़क पर किया हुआ कबाड़ा

शहर के दिलीप नगर के मुख्य मार्ग पर श्याम सुंदर कबाड़ी ने अवैध रुप से कब्जा किया हुआ था। एक सप्ताह पूर्व दिन पूर्व जाकर निगम के दल ने जाकर यहां पर कबाड़ा हटाने के बारे में निर्देश दिए थे व चालान बनाया गया था। इसके बाद जब सात दिन तक कबाड़ा नहीं हटाया तो निगम का दल पहुंच गया। बता दे नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ शहर में अभियान चल रहा है। इसी के अंतर्गत दल पहुंचा।

## एक सप्ताह में दूसरी बार कार्रवाई



निगम का दल जुर्माना करता हुआ

सात दिन पूर्व में भी नगर निगम की टीम द्वारा चालानी कार्रवाही की गई थी और संबंधित को कबाड़ा सड़क से हटाने का एक सप्ताह का समय दिया था। इसके बाद निगम का दल रविवार दोपहर करीब 12 बजे बाद पहुंचा व 15 हजार रुपए का जुर्माना सार्वजनिक सड़क पर अतिक्रमण करने पर किया। इसके बाद फिर 24 घंटे का समय कबाड़ा हटाने का समय दिया गया है।

पत्रिका

पत्रिका 19/7/21

# 19 जुलाई को रतलाम जिले के 87 केंद्रों पर कोविड-19 वैक्सीनेशन किया जाएगा

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रतलाम जिले में चल रहे वैक्सीनेशन के तहत सोमवार को आयोजित होने वाले कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए वैक्सीनेशन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। 19 जुलाई को रतलाम जिले के 87 केंद्रों पर कोविड-19 वैक्सीनेशन किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि आलोट क्षेत्र में उत्कृष्ट विद्यालय आलोट, शासकीय कन्या हाई स्कूल ताल, शासकीय माध्यमिक विद्यालय खारवाकलां, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावल में दूसरे डोज़ का ग्राम केलूखेड़ी में केवल पहले डोज़ का, ग्राम कसारी, ग्राम करवाड़िया, ग्राम मुंज, ग्राम झारवाड़िया पर कोविशिल्ड के प्रथम और दूसरे डोज़ का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

बाजना क्षेत्र में मांगलिक भवन बाजना, ग्राम पंचायत कुंदनपुर, ग्राम पंचायत रजापुरा माताजी, बालक छात्रावास रावटी, ग्राम पंचायत गढ़ावदिया, ग्राम पंचायत मलवासी की वैक्सीनेशन केंद्रों पर कोविशिल्ड के केवल दूसरे डोज़ का वैक्सीनेशन किया जाएगा। जावरा ब्लॉक में ग्राम पंचायत भवन रिंगनोद, ग्राम पंचायत भवन असावती, ग्राम पंचायत भवन कलालिया पर कोविशिल्ड के दूसरे डोज़ का टीकाकरण किया जाएगा। ग्राम पंचायत भवन निर्माण नीमन, ग्राम पंचायत खोजनखेड़ा, ग्राम पंचायत भीमाखेड़ी पर कोविशिल्ड का पहला डोज़ लगाया जाएगा। ग्राम पंचायत बरडिया गोयल में कोविशिल्ड का पहला और दूसरा डोज लगाया जाएगा। ग्राम पंचायत उपलाई, ग्राम पंचायत मांडवी, ग्राम पंचायत गोंदीधर्मसी में कोविशिल्ड का केवल दूसरा डोज़ लगाया जाएगा।

जावरा क्षेत्र के बालक छात्रावास बड़ावदा में कोविशिल्ड का पहला डोज़, नगर परिषद बड़ावदा पुराना भवन पर कोविशिल्ड का दूसरा डोज़ लगाया जाएगा। टोल प्लाजा ढोढर पर कोविशिल्ड का पहला डोज़ और ग्राम पंचायत लसुड़िया जंगली में कोविशिल्ड का दूसरा डोज लगाया जाएगा। महात्मा गांधी स्कूल जावरा, नगर पालिका टाउन हॉल जावरा, लायंस क्लब जावरा, भगतसिंह कॉलेज जावरा पर कोविशिल्ड का केवल दूसरा डोज़ लगाया जाएगा।

पिपलौदा क्षेत्र में पंचायत भवन पंचेवा, प्राथमिक विद्यालय शेरपुर, पंचायत भवन बोरखेड़ा, नवीन स्कूल भवन धमेड़ी, व्हाइट कॉलेज पिपलौदा पर कोविशिल्ड का केवल दूसरा डोज़ लगेगा।

प्रसारण

प्रसारण 19/7/21

## आज जिले के 87 केंद्रों पर कोविड-19 वैक्सीनेशन किया जाएगा

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में रतलाम जिले में चल रहे वैक्सीनेशन के तहत सोमवार को आयोजित होने वाले कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए वैक्सीनेशन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। 19 जुलाई को रतलाम जिले के 87 केंद्रों पर कोविड-19 वैक्सीनेशन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम शहर में रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, गुरुनानक स्कूल विनोबा नगर मॉर्निंग स्टार स्कूल इंद्रलोक नगर, साईं अकादमी 80 फिट रोड, सिंधु गुरुद्वारा मोहन नगर, सरस्वती स्कूल काटजू नगर, आइएम हाल राजेंद्र नगर, जैन काश्यप सभागृह सागोद रोड, आनंद कॉलोनी, मोहन टॉकीज रतलाम, उजाला पैलेस स्टेशन रोड, लायंस हॉल पावर हाउस रोड, मेहंदीकुई बालाजी नगर निगम, कालिका माता धर्मशाला, माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार रतलाम पर ऑनलाइन प्रि स्लॉट बुकिंग के आधार पर कोविशिल्ड का केवल पहला डोज लगाया जाएगा। रतलाम शहर में सोमवार को कोविशिल्ड के दूसरा डोज लगाने के लिए कम्युनिटी हॉल अलकापुरी और डीआरएम ऑफिस दो बत्ती केंद्रों का निर्धारण किया गया है। कोविशिल्ड का दूसरा डोज लगवाने के हितग्राही वैक्सीनेशन केंद्र पर जाकर सीधे वैक्सीनेशन करा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सोमवार को रतलाम जिले के किसी भी केंद्र पर को वैक्सीन का वैक्सीनेशन नहीं किया जाएगा।

19/7/21

## आयुष्मान कार्ड शिविर

रतलाम, नप्र। आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना से छूटे लोगों के कार्ड बनाए जा रहे हैं। कलेक्टर ने इसके लिए हर राशन दुकानों पर शिविर लगवाए हैं। यहां लगाए जा रहे शिविरों के माध्यम से अब तक दो, हजार नौ सो अठहत्तर आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। कल वार्ड 1 में सागर प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित, रिटायर्ड कॉलोनी अटैच दुकान, विनोबा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार, वार्ड 2 में घनश्याम प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार मर्यादित लक्ष्मणपुरा, वार्ड 3 में पूजा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित जवाहर नगर, अटैच दुकान शीतल महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित व वार्ड 4 मे इंदिरा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित इन्द्रलोक नगर में आयुष्मान कार्ड बनाएं। समग्र आईडी, आधार कार्ड, खाद्यान्न पात्रता पर्ची होना जरूरी है।

## कल कोविशील्ड के टीके

रतलाम, नप्र। कोविड-19 के लिए चल रहे टीकाकरण कार्यक्रम में कल सोमवार को 87 केन्द्रों पर टीके लगेंगे।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर तय किए केन्द्रों में रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, गुरुनानक स्कूल विनोबा नगर, मॉर्निंग स्टार स्कूल इंद्रलोक नगर, सांई अकादमी 80 फीटरोड, सिंधु गुरुद्वारा मोहन नगर, सरस्वती स्कूल काटजू नगर, आईएमए हॉल राजेन्द्रनगर, जैन काश्यप सभागृह सागोद रोड, आनंद कॉलोनी, मोहन टॉकीज, उजाला पैलेस स्टेशन रोड, लायंस हॉल पावर हाउस रोड, मेहंदी कुई बालाजी नगर निगम, कालिका माता धर्मशाला, माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार पर ऑनलाइन प्री स्लॉट बुकिंग के आधार पर कोविशिल्ड का केवल पहला टीका लगाया जाएगा।

### दूसरे टीके के लिए दो केन्द्र

18-7-21

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम शहर में सोमवार को कोविशील्ड का दूसरा लगाने के लिए कम्युनिटी हॉल अलकापुरी और डीआरएम ऑफीस दो बत्ती का केन्द्र तय किया है। कोविशिल्ड का दूसरा टीका लगवाने के इच्छुक वैक्सीनेशन केन्द्र पर जाकर सीधे वैक्सीनेशन करा सकते हैं।

## राशन एवं पावती के लिए कॉल सेंटर

रतलाम, नप्र। राशन दुकानों से दिए जाने वाले राशन और पावती के बारे में जानने के लिए जिला स्तर पर कॉल सेंटर बनाया गया है। इस कॉल सेंटर का टेलीफोन नम्बर 07412-270414 है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ लेने वाले पात्र लोगों को जिला स्तरीय कॉल सेंटर से फोन लगाकर यह पूछा जाएगा कि सरकारी राशन दुकान से राशन लेने के बाद दुकानदार की ओर से पीओएस मशीन की पावती दी जा रही है या नहीं दी जा रही है। उपभोक्ता खुद भी कार्यालयीन समय में सुबह 10.30 बजे से शाम 6 बजे तक कॉल सेंटर पर फोन लगाकर बता सकते हैं कि उनको राशन दुकान से दुकानदार की ओर से राशन वितरण करने के बाद पीओएस मशीन से जारी पावती दी जा रही है अथवा नहीं।

# अब तक सवा आठ इंच बारिश, पिछले साल से चार इंच कम

## दस दिनों से गड़बड़ाई हुई है जल वितरण व्यवस्था, धोलावड़ में जलस्तर नहीं बढ़ने से परेशानी, मोटर भी खराब

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में लगातार तीसरे दिन रविवार को मौसम पूरी तरह साफ रहा। कहीं भी बारिश नहीं हुई। जुलाई के 18 दिन निकलने के बाद भी अब तक बारिश की झड़ी नहीं लगी है और न ही जलस्रोतों में पानी एकत्र हो पाया है। शहर में जल आपूर्ति के एकमात्र स्रोत धोलावड़ जलाशय में भी जलस्तर 384.70 मीटर है। जलस्तर कम होने से जेकवेल से ही पानी इंटकवेल तक लाया जा रहा है। इससे शहर में करीब दस दिनों से जलवितरण व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है। बिजली लाइन में फाल्ट और मोटर खराब होने से आपूर्ति के लिए एक दिन का ब्रेक भी लेना पड़ रहा है।

बारिश के मान से गत वर्ष की तुलना में सभी तहसील पीछे हैं। गत वर्ष इस समय तक 310.5 मिमी (12.5 इंच) बारिश हुई थी जबकि इस वर्ष अभी तक जिले में सवा आठ इंच औसत बारिश हो चुकी है। जिले की सामान्य बारिश 918.3 मिमी है।

### दिन व रात के तापमान में गिरावट

रविवार को अधिकतम तापमान 34.6 व न्यूनतम 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार की तुलना में रविवार को न्यूनतम तापमान में 0.4 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान में 0.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। सुबह की आर्द्रता 90 व शाम की 78 प्रतिशत रही, जो शनिवार को क्रमशः 76 व 67 प्रतिशत थी।



प्रतिदिन रतलामवासियों के कंठ तर करने वाला धोलावड़ जलाशय। • फाइल फोटो

### सुबह की बजाय शाम को मिल रहा पानी

धोलावड़ डैम की जलसंग्रहण क्षमता 395 मीटर है। हर साल जुलाई माह में डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगता है, लेकिन इस बार इसमें ज्यादा वृद्धि नहीं हुई है। डैम का डेड स्टोरेज 380 मीटर है। हालांकि सोमवार से बारिश की संभावना जताई जा रही है। शहर में अभी 30-32 एमएलडी पानी की जरूरत है। बारिश कम होने से कई क्षेत्रों में नलकूपों में भी पानी नहीं आया है। इससे मांग बढ़ रही है। मड पंप, जेकवेल से पानी खींचने की व्यवस्था के चलते निगम अभी 27 से 30 एमएलडी पानी ही ले पा रहा है। इससे शहर के कई हिस्सों में सुबह की बजाए शाम को पानी मिल रहा है।

### पाइपलाइन के लिए खोदाई की नल कनेक्शन क्षतिग्रस्त

दो बत्ती से डाट की पुल तक सीसी रोड निर्माण से पहले नई पेयजल पाइपलाइन डालने के लिए की गई खोदाई में क्षेत्र के करीब 25 से अधिक नल कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो गए। निर्माण एजेंसी ने कनेक्शन धारकों से ही नए पाइप व अन्य सामग्री मंगवाकर वापस कनेक्शन जोड़ दिए, लेकिन रविवार रात करीब नौ बजे सप्लाई के दौरान सभी जगह लीकेज होने लगा। इससे लोगों को पानी के लिए मशक्कत करना पड़ी। क्षेत्रीय रहवासी सुनील दुबे ने बताया कि खोदाई में मनमानी की जा रही है। कनेक्शन जोड़ने में भी खानापूर्ति की और भराव कर दिया। अब फिर से मिट्टी निकलवाकर सुधार करवाना पड़ेगा।



रतलाम के डाट की पुल क्षेत्र में नल कनेक्शन क्षतिग्रस्त होने से सप्लाय के दौरान पानी बहता रहा। • नईदुनिया

### एक नजर तापमान की चाल पर

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 18 जुलाई | 34.6 | 26.2 |
| 17 जुलाई | 35.2 | 26.5 |
| 16 जुलाई | 35.6 | 25.6 |
| 15 जुलाई | 28.2 | 25.6 |
| 14 जुलाई | 34.6 | 25.6 |
| 13 जुलाई | 34.5 | 26.5 |
| 12 जुलाई | 32.2 | 26.8 |

### जिले में अब तक कहां-कितनी बारिश

| तहसील | अब तक | गत वर्ष की बारिश |
|---|---|---|
| आलोट | 182.0 | 355.0 |
| जावरा | 302.0 | 352.0 |
| ताल | 215.6 | 392.2 |
| पिपलौदा | 172.0 | 229.0 |
| बाजना | 116.0 | 270.0 |
| रतलाम | 192.0 | 227.0 |
| रावटी | 277.0 | 336.6 |
| सैलाना | 288.0 | 323.0 |
| औसत | 218.0 | 310.5 |

नईदुनिया

नईदुनिया 19/7/21

# आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु वार्डों की उचित मूल्य की दुकानों पर शिविरों का आयोजन

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अन्तर्गत नगरीय क्षेत्र रतलाम के शेष रहे पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड वार्डों की उचित मूल्य की दुकानों पर बनाए जा रहे हैं। सर्वर डाउन रहने से आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य प्रभावित होने से रविवार को पुन: वार्ड क्रमांक 1 में सागर प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित 61, रिटायर्ड कॉलोनी अटैच दुकान विनोबा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार, वार्ड क्रमांक 2 में घनश्याम प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार मर्यादित लक्ष्मणपुरा, वार्ड क्रमांक 3 में पूजा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित जवाहर नगर अटैच दुकान शीतल महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित व वार्ड क्रमांक 4 में इंदिरा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित इन्द्रलोक नगर में पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायेंगे।

प्रसारण

प्रसारण 19/7/21

# अब तक 3190 आयुष्मान कार्ड बनाये


रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत "निरामयम" योजना अन्तर्गत नगरीय क्षेत्र रतलाम के शेष रहे पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड वार्डों की उचित मूल्य की दुकानों पर बनाये जा रहे हैं। 17 जुलाई को सर्वर डाउन रहने से आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य प्रभावित होने से रविवार को पुन: वार्ड क्रमांक 1 में सागर प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित 61, रिटायर्ड कालोनी अटैच दुकान विनोबा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार, वार्ड क्रमांक 2 में घनश्याम प्राथमिक उपभोक्ता भण्डार मर्यादित लक्ष्मणपुरा, वार्ड क्रमांक 3 में पुजा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित जवाहर नगर अटैच दुकान शीतल महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित व वार्ड क्रमांक 4 में इंदिरा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित इन्द्रलोक नगर में आयुष्मान कार्ड बनाये गए।

## प्रदेशवासी करें कोरोना अनुकूल व्यवहार का पालन

# हमारी असावधानी कोरोना की तीसरी लहर को निमंत्रण देगी : मुख्यमंत्री

प्रसारण न्यूज़ • भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि न केवल हम्रारे देश में अपितु दुनिया के कई देशों में कोविड के प्रकरण बढ़ना चिंता का विषय है। ब्रिटेन में तीन महीने के लॉकडाउन के बाद 55 हजार केस आये हैं। दुनिया के अन्य देशों में भी कोरोना के प्रकरण तेजी से बढ़ रहे हैं। देश में भी कई जिलों में पॉजिटिविटी दर दस प्रतिशत से कम नहीं हुई है। अतः यह स्पष्ट है कि वायरस अभी मौजूद है। दक्षिण और उत्तरपूर्व के राज्यों में पॉजिटिव प्रकरण तेजी से आ रहे हैं। कई जगह प्रकरण प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेशवासियों से मेरी अपील है कि कोरोना से निश्चिंत न हों। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज स्मार्ट सिटी पार्क में पौध-रोपण के बाद उक्त बात कही।



## 78 हजार टेस्ट में 18 आये पॉजिटिव

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कल प्रदेश में 78 हजार टेस्ट किये गये, जिनमें से 18 पॉजिटिव आये। परसों जो टेस्ट किये गये उसमें 11 पाजिटिव आये थे। अतः यह स्पष्ट है कि प्रदेश में वायरस है। पॉजिटिव लगातार आ रहे हैं। अगर हम असावधान रहे तो यह तीसरी लहर को निमंत्रण देने के समान होगा।

प्रसारण

## तीसरी लहर के लिए तैयारियां जारी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण को रोकने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में अधिकतम टेस्ट करने, पॉजिटिव आये व्यक्तियों की कांटेक्ट ट्रेसिंग कर उन्हें आइसोलेशन में रखने का कार्य जारी है। प्रदेश में टीकाकरण का अभियान भी लगातार चल रहा है। कोरोना की तीसरी लहर का सामना करने के लिए अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्था स्थापित करने के लिए भी राज्य सरकार सक्रिय है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि तीसरी लहर से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय कोरोना अनुकूल व्यवहार का पालन करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विश्व स्वास्थ्य संगठन और स्वास्थ्य विभाग भी बार-बार कोरोना अनुकूल व्यवहार के पालन का आग्रह कर रहे हैं। प्रदेशवासियों से इसके प्रति गंभीर रहने की अपील है।

प्रसारण 19/7/21

## नगर से निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन किया जा रहा है वजन

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया टेंचिंग ग्राउण्ड पर पहूंचाया जा रहा है जिसके तहत 17 जुलाई शनिवार को 85 टन कचरा जुलवानिया टेंचिंग ग्राउण्ड पर पहूंचाया गया। डम्पर व ट्रेक्टर ट्रॉली से 44345, काम्पेक्टर सूखा कचरा 21535, काम्पेक्टर गीला कचरा 17675 व मैजिक 1535 किलो इस तरह कुल 85090 किलो कचरा जुलवानिया टेंचिंग ग्राउण्ड पहूंचाया गया।

## श्याम कबाड़ी पर 15000 का जुर्माना

रतलाम। शहर के दिलीप नगर क्षेत्र में श्याम कबाड़ी द्वारा गंदगी व अतिक्रमण करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने संबंधित पर 15000 का जुर्माना किया। साथ ही भविष्य में गंदगी व अतिक्रमण नहीं करने की समझाइश दी गई।

## एक भी नया पाजिटिव नहीं

# बारिश की कमी... 98% तालाब, डेम, बैराज खाली, सिर्फ 2 बांध में ही आया पानी

## मानसून का 20% समय गुजरा, अब जिले में जलसंकट का खतरा मंडराने लगा, इधर... आगामी 24 घंटे में रतलाम में तेज बारिश के आसार, चेतावनी जारी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मानसून का 20% समय गुजर चुका है लेकिन अब तक भरपूर पानी नहीं बरसा है। नतीजा यह है कि हमारे जिले के 98% तालाब, डेम, बैराज अभी खाली ही पड़े हुए हैं। सिर्फ दो डेम में ही पानी आया है, वह भी कम। इधर राहत की बात ये है कि आगामी 24 घंटे में तेज बारिश के आसार बने हैं।

अब तक 218 मिमी ही बारिश हुई है, जबकि 341 मिमी बारिश हो जाना चाहिए थी। यानी 123 मिमी कम बारिश है। इसका असर साफ दिख रहा है, जुलाई मध्य तक जिले के 60% से ज्यादा तालाब में पानी आ जाता है लेकिन इस बार 98% तालाब सूखे ही हैं। सिर्फ कनेरी डेम और धोलावड़ डेम में ही पानी आया है। ये भी अभी लबालब नहीं हुए हैं।

### हनुमान ताल : मानसून सक्रिय नहीं होने से अब हनुमान ताल में भी जल स्तर तेजी से घटने लगा है



हनुमान ताल पर पानी कम होने से तालाब खाली दिखने लगा है।

**नहर या बिना नहर वाले दोनों सूखे :** जिले में 73 नहर वाले तालाब, 15 बिना नहर वाले तालाब और 19 बैराज हैं। 111 तालाब ऐसे भी हैं, जहां जल भराव नहीं होता है। अभी किसी भी तालाब का पानी लो लेवल से ऊपर नहीं आया है। जो चिंता का विषय है।

**धोलावड़ डेम 10.3 मीटर खाली :** धोलावड़ डेम का खाली रहना चिंतनीय है। डेम 10.3 मीटर खाली है। डेम की क्षमता 395 मीटर है। जबकि, इसमें अभी तक 384.70 मीटर ही पानी आया है। पिछले साल बारिश की खेंच में जलस्तर 384.60 मीटर था।

**आगामी 24 घंटे में भारी वर्षा की संभावना :** इधर, आगामी 24 घंटे में भारी वर्षा की संभावना है। मौसम विभाग ने 11 जिलों के लिए चेतावनी जारी की है। इसमें रतलाम भी शामिल है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक बारिश का यह दौर आगे भी जारी रहेगा।

### धोलावड़ डेम... अब तक का जलस्तर

| दिनांक | जलस्तर | दिनांक | जलस्तर |
|---|---|---|---|
| 1 जुलाई | 384.15 | 12 जुलाई | 384.30 |
| 3 जुलाई | 383.90 | 15 जुलाई | 384.65 |
| 6 जुलाई | 383.85 | 18 जुलाई | 384.70 |
| 9 जुलाई | 383.75 | | |

(डेम की क्षमता 395 मीटर है।)

### जिले में कहां कितनी बारिश

| ब्लॉक | अब तक | पिछले साल |
|---|---|---|
| रतलाम | 192.0 | 227.0 |
| आलोट | 182.0 | 355.0 |
| जावरा | 302.0 | 352.0 |
| ताल | 215.6 | 392.2 |
| पिपलौदा | 172.0 | 229.0 |
| बाजना | 116.0 | 270.0 |
| रावटी | 277.0 | 336.6 |
| सैलाना | 288.0 | 323.0 |
| जिला | 218.0 | 310.5 |

(जुलाई मध्य तक 341.0 मिमी।)

*2 में पानी आया है। धोलावड़ सहित 89 तालाब में पानी जमा होता है। अभी 87 सूखे हैं। सिर्फ 2 में पानी आया है। एचके मालवीय, ईई, जलसंसाधन विभाग*

दै. भास्कर 19/7/21

# पहल : शहर की तमाम प्रॉपर्टी की नगर निगम कराएगा जीआईएस मैपिंग, टेंडर निकाले

- सैटेलाइट से मापेंगे मकान, दुकान और प्लॉट
- संपत्तिकर की वसूली में इससे होगी बढ़ोतरी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सरकारी सहायता को बढ़ाकर सिटी इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट को रफ्तार देने अब नगर निगम ने जीआईएस (ज्योग्राफिकल इंफार्मेशन सिस्टम) मैपिंग की तैयारी की है। सैटेलाइट के मार्फत इससे जमीनी आकृतियों, भू-भागों आदि को डिजिटल नक्शा बन जाएगा। उसके आधार पर हर प्रॉपर्टी का नए सिरे से भौतिक सत्यापन होगा। इससे संपत्तिकर में तो इजाफा होगा ही सालाना वसूली भी बढ़ जाएगी।

## जीआईएस मैपिंग के फायदे

- जमीन चयन करने में आसानी होगी, पाइप लाइन व अन्य डालने के लिए नक्शा बनाने में आसानी।
- प्रॉपर्टी का डिजिटल नक्शा और उससे मिलने वाले संपत्ति कर की जानकारी एकत्र हो जाएगी।
- संपत्ति कर बचाने के लिए बड़े आकार के मकान को छोटा और व्यावसायिक को आवासीय बताकर कम टैक्स भरने की गड़बड़ी दूर होगी।

## सैटेलाइट मैप के साथ अटैच किया जाएगा

पहले वार्ड के सैटेलाइट मैप पर हर प्रॉपर्टी को पॉइंट करेंगे। सर्वे करके उसकी डिटेल जानकारी जुटाई जाएगी। इस डाटा को सैटेलाइट मैप के साथ अटैच कर देंगे। इसमें प्रापर्टी का फोटो रहेगा। बिना अनुमति या प्रॉपर्टी टैक्स दिए बिना बदलाव करने पर जीआईएस अलर्ट कर देगा।

## पांच साल में संपत्तिकर वसूली की स्थिति

| वर्ष | टारगेट | वसूली |
|---|---|---|
| 2016-17 | 16.41 | 7.07 |
| 2017-18 | 17.10 | 9.40 |
| 2017-18 | 18.00 | 9.72 |
| 2019-20 | 21.02 | 7.10 |
| 2020-21 | 22.00 | 9.85 |

## यह है सरकारी अनुदान की हालत

| वित्तीय वर्ष | मिलना था | मिला |
|---|---|---|
| 2016-17 | 15.18 | 5.88 |
| 2017-18 | 28.88 | 12.5 |
| 2017-18 | 33.42 | 18.51 |
| 2019-20 | 84.00 | 54.9 |
| 2020-21 | 85.20 | 44.69 |

(आंकड़े करोड़ रुपए में)

भास्कर

**वैक्सीनेशन** • आज रतलाम शहर सहित ग्रामीण अंचल में 87 केंद्रों पर लगेगी वैक्सीन

# शहर वैक्सीनेशन में आगे... 18+ के 54% को लगे टीके, बाजना में सिर्फ 11% का वैक्सीनेशन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम में सोमवार को वैक्सीनेशन होगा। जिले में 14,500 वैक्सीन के टीके लगाए जाएंगे। शहर के साथ ही ग्रामीण अंचल में भी वैक्सीन लगाई जाएगी। इधर अच्छी बात यह है कि अब रतलाम शहर के युवाओं की आधी से ज्यादा आबादी वैक्सीनेटेड हो चुकी है। 45+ के 82% लोग वैक्सीन लगवा चुके हैं जो बड़ा आंकड़ा है। ग्रामीण अंचल अभी पीछे है, ऐसे में अब प्रशासन का जोर भी ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सीनेटेड करने को लेकर है।

रतलाम शहर में अब तक वैक्सीन को लेकर युवाओं में सबसे ज्यादा उत्साह है। शहर में 18 से 44 साल के 1.49 लाख युवा हैं, इनमें से 80994 लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। जो 54.26% है। सभी ब्लॉक में रतलाम शहर सबसे आगे है। बाजना सबसे पीछे है, यहां की 11.35% आबादी को ही अब तक टीका लगा है। रतलाम के बाद जावरा में 24.70% लोगों को वैक्सीन लगी है। हालांकि, युवा अभी दूसरे डोज में पीछे है, रतलाम में सिर्फ 10% लोगों को ही टीके लगे है। जिले में 18+ के कुल 26.28% लोगों को अभी पहला डोज और 4.54% को दूसरा डोज लगा है।

## 45+ में भी बाजना सबसे पीछे, 13% को ही लगे टीके

जिले में 45+ के कुल 41% लोगों को ही टीके लगे हैं। दूसरा डोज 35.39% को ही लगाया गया है। रतलाम शहर में 45+ के 82.36% लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। सबसे कम बाजना में 13.82% लोगों ने ही टीके लगवाए हैं। रतलाम ग्रामीण, पिपलौदा, जावरा और आलोट में 30% से ज्यादा टीकाकरण हो गया है।

## को-वैक्सीन की वेटिंग बढ़ी, कोविशील्ड का भी इंतजार

इधर, दूसरे डोज के लिए अब लोग परेशान हो रहे हैं। को-वैक्सीन का आखिरी डोज 3 जुलाई को लगाया गया था। इसके बाद से ही टीके नहीं मिले हैं। वहीं, कोविशील्ड के पर्याप्त मात्रा में सेकंड डोज नहीं होने से कतार बढ़ रही है। सोमवार को कम्युनिटी हॉल अलकापुरी और डीआरएम ऑफिस दो बत्ती में ही कोविशील्ड का टीका लगाया जाएगा।

भास्कर

दै. भास्कर 19/7/21

# 1097 मवेशियों को पकड़कर नगर के बाहर की गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहें पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालकों द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 17 जुलाई तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 1097 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 17 जुलाई को नगर के विभिन्न क्षेत्रों से 8 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा पकड़ा गया। शहर के सार्वजनिक स्थानो, सड़को चौराहे को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु

18/7/20

# गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक नहीं लेने पर कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर, हेल्पर, वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे नगर के प्रत्येक घर, दुकान आदि से प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक कचरा संग्रहण करना सुनिश्चित करें अन्यथा ड्रायवर, हेल्पर, वार्ड प्रभारी व संबंधित झोन प्रभारी पद से हटाने व बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया यदि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा डालते हुए पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी को पद से हटाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिया जाये। प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक-पृथक कचरा लिये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि दोनो पालियों में वार्ड में कचरा संग्रहण वाहन जायेंगे तथा जब तक पूरे वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहित नही कर लिया जाता तब तक वाहन निगम के वर्कशॉप में जमा ना करायें।

प्रसारण

प्रसारण 19/7/21

# रतलाम में 0 पॉजिटिव, एक्टिव केस 2 बचे

रतलाम | कोरोना संक्रमित का आंकड़ा अब नहीं बढ़ रहा है। रविवार को जिले में एक भी पॉजिटिव नहीं मिला है। एक्टिव केस सिर्फ 2 बचे हैं। जिले में 6 दिन से पॉजिटिव नहीं मिल रहे थे। शनिवार को एक संक्रमित सामने आया था। रविवार को फिर आंकड़ा 0 ही रहा। जिले में कुल संक्रमित 17498 हैं। रविवार को किसी भी मरीज को डिस्चार्ज नहीं किया गया। जिले में अब तक 17185 लोग ठीक होकर अपने घर आ चुके हैं।

## 8 दिन में सिर्फ 1 पॉजिटिव


| दिनांक | एक्टिव केस | पॉजिटिव |
|---|---|---|
| 11 जुलाई | 14 | 0 |
| [illegible] | [illegible] | 0 |

# हड़बड़ी में ना करें गड़बड़ी- कलेक्टर

**रतलाम, नप्र।** कोविड की आशंकित तीसरी लहर से निपटने के लिए हमें पहले से तैयार रहना होगा। आपसी सहयोग से तैयारी की कोशिश करें, ताकि समय आने पर किसी प्रकार की हड़बड़ी या अफरातफरी ना फैले और उस समय मिलने वाले कोविड-19 मरीजों का समुचित उपचार किया जा सके।

यह कहना है कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम का। वे कल यहां जिले के निजी अस्पताल और नर्सिंग होम संचालकों की बैठक ले रहे थे। अस्पताल संचालकों, अधिष्ठाता मेडिकल कॉलेज, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आपसी समन्वय से काम करने का अनुरोध करते हुए कहा कि सरकारी और निजी डाक्टरों को एकजुट होकर काम करना होगा। निर्देशित किया कि निजी अस्पताल और नर्सिंग होम में तीसरी लहर की आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए उपलब्ध संसाधनों की पहले से तैयारियां करें।

कलेक्टर ने कहा कि निजी अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ स्टाफ के प्रशिक्षण के लिए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम को प्रशिक्षण केन्द्र बनाया जाएगा। इस केन्द्र पर बच्चों के कोविड 19 से ग्रसित होने पर उपचार की प्रॉपर



प्रभात किरण **सभी डॉक्टरों को एकजुट होकर काम करना होगा** 18-7-21

ट्रेनिंग दी जाएगी। सभी निजी संचालकों को निर्देशित किया कि किसी भी बच्चे में यदि संभावित कोविड-19 के लक्षण पाए जाते हैं तो तत्काल मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी एवं आईडीएसपी शाखा को अवगत कराएं। इसी प्रकार डेंगू के संदिग्ध मिलने पर भी जरूरी रूप से तत्काल सूचना दें। मेडिकल कॉलेज के डीन को निर्देशित किया कि पेरीफेरी में काम कर रहे डाक्टरों को वेबीनार के माध्यम से पीडियाट्रिक ट्रीटमेंट प्रोटोकोल के बारे में जानकारी के लिए ऑनलाइन वेबीनार रखा जाए उसमें निजी अस्पतालों के पीडियाट्रिक एक्सपर्ट से भी प्रोटोकॉल की जानकारी शेयर की जाए।

बैठक दौरान कलेक्टर ने सभी निजी अस्पतालों में उपलब्ध ऑक्सीजन बेड, वेंटीलेटर, पीडियाट्रिक वार्ड, एनआईसीयू, पीआईसीयू, पीडियाट्रिक वेंटिलेटर की उपलब्धता, संबंधित डेटाबेस बनाने के लिए डीपीएम डॉ. अजहरअली को तीन दिन में जानकारी देने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए निर्धारित प्रारूप में चेक लिस्ट तैयार की जाएगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह, डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. जितेन्द्र गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर, मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति, डीपीएम अजहरअली, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. गौरव बोरीवाल एवं जिले के निजी डाक्टर मौजूद रहे।

## डिप्लोमा कोर्स की मॉनिटरिंग

**रतलाम, नप्र।** अस्पताल के डाक्टरों के लिए सर्जरी, मेडिसिन, आर्थोपेडिक तथा शिशु रोग विशेषज्ञता के लिए पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स जिला अस्पताल में शुरू किया है। पाठ्यक्रम की प्रगति की मॉनिटरिंग के लिए स्टेट कंसलटेंट जावेद खान ने रतलाम आकर प्रशिक्षण का जायजा लिया। खान ने सीएमएचओ से पाठ्यक्रम के बारे में चर्चा की। दौरान सिविल सर्जन, डीपीएम फैकल्टी मेंबर सीएसके प्रशिक्षु डाक्टरों की बैठक भी ली।

## 87 जगह टीके

**रतलाम, नप्र।** कोविड-19 की टीका कल सोमवार को 87 केन्द्रों पर लगेगा।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर तय किए केन्द्रों में रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, गुरुनानक स्कूल विनोबा नगर, मॉर्निंग स्टार स्कूल इंद्रलोक नगर, सांई अकादमी 80 फीटरोड, सिंधु गुरुद्वारा मोहन नगर, सरस्वती स्कूल काटजू नगर, आईएमए हॉल राजेन्द्रनगर, जैन काश्यप सभागृह सागोद रोड, आनंद कॉलोनी, मोहन टॉकीज, उजाला पैलेस स्टेशन रोड, लायंस हॉल पावर हाउस रोड, मेहंदी कुई बालाजी नगर निगम, कालिका माता धर्मशाला, माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार पर ऑनलाइन प्री स्लॉट बुकिंग के आधार पर कोविशिल्ड का केवल पहला टीका लगाया जाएगा।

प्रभात किरण 18/7/21

## ार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, ार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के वेरुद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। वार्डों की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य ा निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी करें यदि ार्डों में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

19/7/21

प्रसारण 19/7/21

# न्यूज गैलरी

## 49 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत रविवार को 49 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर व ट्रेक्टर-ट्राली से 19785, काम्पेक्टर सूखा कचरा 17765, काम्पेक्टर गीला कचरा

एसबीआई की दीवार तोड़ी, लोहे के एंगल हटाए, निर्माण कार्य शुरू

# सिटी फोरलेन सौंदर्यीकरण की बाधाएं हुई समतल

खबर का असर



पत्रिका

पत्रिका में प्रकाशित

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. नगर निगम द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण योजना अंतर्गत 16 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रहे सिटी फोरलेन के मार्ग निर्माण में आ रही एसबीआई की दीवार को जमींदोज कर दिया गया। इसके अलावा दीपक टॉकिज से लेकर दो बत्ती तक जहां पर लोहे के एंगल बाहर आ रहे थे, उनको भी ठेकेदार से खड़े रहकर समतल करवा दिया। पत्रिका ने रविवार को यह कैसा सौंदर्यीकरण रु. 16 करोड़ का सिटी फोरलेन जगह जगह से हो रहा क्रेक शीर्षक से समाचार का प्रकाशन किया था। जहां सड़क क्रेक है, उसको सोमवार को सुधारा जाएगा।

बैंक अधिकारियों के अनुसार यहां तोड़फोड़ पर 25 अगस्त तक के लिए कोर्ट ने रोक लगाई है। निगम के अमले ने सबसे पहले 1 बजे दीपक टॉकिज से लेकर दो बत्ती तक जहां जहां एंगल निकले हुए थे उनको ठेकेदार से साथ खड़े रहकर हटवाया। इसके अलावा जहां दरार या क्रेक हो गए थे, उनको सोमवार को ठीक करने को कहा। बैंक के अधिकारियों के अनुसार 25 अगस्त तक कोई भी तोडफ़ोड़ करने पर कोर्ट ने रोक लगाई है। इसके बाद भी चल रही बीच चर्चा में ही तोडफ़ोड़ कर दी गई।

## दोपहर 2 बजे पहुंचा अमला




यहां चली सबसे पहले जेसीबी, दीवार को हटाया गया। इससे अब सड़क चौड़ीकरण किया जाएगा।

दोपहर 2 बजे नगर निगम के सिटी इंजीनियर सुरेशचंद व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री मनीष तिवारी, विकाससिंह आदि ठेकेदार को साथ लेकर 3 जेसीबी, तीन ट्रैक्टर आदि लेकर पहुंचे। यहां सबसे पहले दोनों दिशा से सड़क को बंद किया गया इसके बाद सबसे पहले एसबीआई के गार्ड के बैठने के हट को तोड़ा गया। इसके बाद निर्माण में बाधक बन रही दीवार को तोड़ा गया। सिटी फोरलेन के लिए इस सड़क को चौड़ा करना प्रस्तावित है।

### हमने मात्र शेड हटाए

कोर्ट ने अतिक्रमण व अवैध निर्माण को तोडने पर रोक लगाई है। नगर निम के दल ने शहर के विकास व सौंदर्यीकरण योजना अंतर्गत होने वाले निर्माण के लिए बाधक बैंक के शेड मात्र को हटाया है।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

### आपसी बातचीत चल रही थी

नगर निगम व बैंक के साथ हमारी बातचीत का दौर जारी था। अब वरिष्ठ अधिकारियों को पूरे मामले की सूचना दे दी है। जो आदेश होगा, उसके अनुसार आगे निर्णय लिया जाएगा।

**- अरूण कुमार,** रिजनल मैनेजर, एसबीआई

### 2.20 पर गार्ड की हट के बाद दीवार तोड़ी



गार्ड की हट तोड़ने के बाद 2.20 बजे मुख्य दीवार तोड़ने की शुरुआत हुई। यह तोडफ़ोड़ देखकर एसबीआई के कर्मचारी बाहर आ गए। महिलाएं व बच्चे घबरा गए, इनको सिटी इंजीनियर व्यास ने बताया की आवास को कोई नुकसान नही होगा। सिर्फ बाहर के शेड को तोड़ा जा रहा है। इतनी देर में रहवासियों ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी।

### 4.40 बजे निर्माण कार्य भी कर दिया था शुरू



निगम अधिकारियों व बैंक के प्रबंधक की बात चलती रही, इस बीच सड़क पर गड्ढा करके निर्माण कार्य की शुरुआत शाम 4.40 बजे हो गई। यह निर्माण कार्य पूरी रात चलाया गया व इस क्षेत्र की पूरी सड़क खोद दी गई। इस बीच बैंक प्रबंधक अग्रवाल अपने वरिष्ठ अधिकारियों को पल पल की सूचना देते रहे। वही दूसरी तरफ तोडफ़ोड़ जारी रही।

### 4 बजे डीपी को बचाकर तोड़ी दीवार



एसबीआई की दीवार के पीछे बिजली कंपनी का ट्रांसफॉर्मर था, कंपनी के कर्मचारी को बुलाकर शाम 4 बजे पहले लाइन बंद करवाई गई। इसके बाद दीवार को तोड़ने का ₹ म शुरू हुआ। इस बीच एसबीआई के ग्राहक उपभोक्ता मामलों के प्रबंधक एसपी अग्रवाल पहुंच गए। उन्होंने निगम अधिकारियों को कहा कोर्ट ने तोडफ़ोड़ पर रोक लगाई है।

### 5 बजे मलबा हाथों हाथ हटाया गया



तोडफ़ोड़ के बीच ही जो लोहे का सामान दीवार में से निकला था, उसको हटाने का कार्य भी शाम 5 बजे शुरू हो गया। निगम का दल कबाड़ा से लेकर तोड़ी गई दीवार के मलबे को हटाने का कार्य करता रहा। इस बीच निगम के अधिकारी अपने वाहन में ही बैठे रहे। बैंक प्रबंधक अग्रवाल ने जरूर दो बार आना जाना किया।

पत्रिका 19/7/21

## ...थ विक्रेता पी.एम. स्वनिधि के तहत 10 हजार का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त करें

रतलाम। नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हें प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है, संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा ऑन लाईन आवेदन भरे जा रहे है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अपील की है कि नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पथ विक्रेता जिन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना अन्तर्गत राशि रूपये 10,000/- का ऋण प्राप्त नहीं हुआ है वे नगर निगम के सैलाना स्थित एनयूएलएम कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर शीघ्र ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करें। ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु पथ विक्रेता को आवश्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड व आधार लिंक से मोबाईल नम्बर साथ लाना होगा।

प्रसारण

प्रसारण 19/7/21

# शहर में आज 15 केंद्रों पर प्री बुकिंग के आधार पर टीकाकरण

रतलाम। कोविड वैक्सीनेशन के तहत 19 जुलाई कोजिले के 87 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि सभी केंद्रों पर जरूरी इंतजाम किए गए हैं।

रतलाम शहर में रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, गुरुनानक स्कूल विनोबा नगर, मार्निंग स्टार स्कूल इंद्रलोक नगर, साई श्री एकेडमी 80 फीट रोड, सिंधु गुरुद्वारा मोहन नगर, सरस्वती स्कूल काटजू नगर, आइएम हाल राजेंद्र नगर, जैन काश्यप सभागृह सागोद रोड, जमातखाना शेरानीपुरा, मोहन टाकीज रतलाम, उजाला पैलेस स्टेशन रोड, लायंस हाल पावर हाउस रोड, मेहंदी कुई बालाजी नगर निगम, कालिका माता धर्मशाला, माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार



रतलाम पर आनलाइन प्री-स्लाट बुकिंग के आधार पर कोविशील्ड का केवल पहला डोज लगाया जाएगा। https&//selfregistration.cowin.gov.in/ पर 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति बुकिंग करा सकते हैं। रतलाम शहर में सोमवार को कोविशील्ड का दूसरा डोज कम्युनिटी हाल अलकापुरी और डीआरएम आफिस दो बत्ती केंद्र पर लगेगा।

19/7/21

# नागरिक व दुकानदार कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करें

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम जिले में कोरोना 2019 संक्रमण को नियंत्रण करने हेतु कोविड अनुकूल व्यवहार अनिवार्य किया गया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नागरिकों, दुकानदारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठान मालिकों से अपील की है कि सही तरीके से मास्क लगाएं एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य रूप से करें। दूकानों एवं सार्वजनिक स्थानों में 6 नागरिकों से अधिक लोग इकट्ठे नहीं होवें। नियमों का पालन अनिवार्य रूप से कर कानूनी कार्यवाही से बचें।

प्रसारण 19/7/21

# जान पर भारी पड़ सकती है यह लापरवाही



**पत्रिका अलर्ट**

रतलाम. देश और प्रदेश में कोरोना की तीसरी लहर के अलर्ट के बाद रविवार को शहर के त्रिवेणी स्थित मैदान पर बड़ी लापरवाही नजर आई। तीसरी लहर की आशंका के बीच यह लापरवाही लोगों की जान पर भारी पड़ सकती है। दरअसल बाजार में पुलिस, प्रशासन व नगर निगम का अमला बगैर मास्क घूमने वालों पर चालानी कार्रवाई कर रहा है। वही दूसरी ओर रविवार को त्रिवेणी रोड स्थित मेला ग्राउंड में लगने वाले बाजार में लोग कोविड-19 नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आए।

मेला ग्राउंड पर रविवार को लगने वाले बाजार में आमजन के साथ ही दुकानदार भी बिना मास्क के नजर आए। ऐसे में यहां पर भीड़ को नियंत्रित करने वाला कोई भी जिम्मेदार नजर नहीं आया जो कि इन लोगों को नियमों का पाठ पढ़ा सके। ऐसे में सुबह के समय यहां पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ नजर आई है। यहां जिस तरह की भीड़ लगी हुई थी, वह तीसरी लहर की आशंका के बीच बड़ी लापरवाही ही थी।

## जिम्मेदारों को देना होगा ध्यान

कुछ दिनों से देश कुछ में तीसरी लहर का प्रभाव देखने को मिल रहा है, ऐसे में जिम्मेदारों को भीड़ को रोकना होगा, नहीं तो जल्द ही रतलाम में भी कोरोना की तीसरी लहर का प्रभाव देखने को मिल सकता है। दूसरी लहर के दौर में ही रतलाम में हालात नाजुक बन गए थे जिसके चलते कई लोगों ने अपनों को खोया है। ऐसे में यदि अब भी नहीं सम्भले तो परिणाम और भयावह हो सकते हैं।

पत्रिका 7/7/21

**पेयजल** की शुद्धता जांचने के लिए कर्मचारियों के भरोसे नगर निगम

# पेयजल ट्रीटमेंट पर लाखों रुपए खर्च, फिर भी हर साल नलों से मटमैला पानी

पत्रिका अभियान

**पेयजल का मैलापन हों दूर**

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के 36 हजार घरेलू, 2 हजार कारोबारी व 700 उद्योग के लिए मिलने वाले पेयजल का मटमैला होना जारी है। प्रतिवर्ष नगर निगम करीब 200 लाख रुपए का व्यय पानी के संधारण याने की शुद्धता पर व्यय करता है, इसके बाद भी मानसून के आते ही शुद्ध पेयजल मिलना मुश्किल हो जाता है। इसकी मोरवानी में पेयजल की शुद्धता को मापने के लिए कुशल कर्मचारी का अभाव है।

नगर निगम के 20 कर्मचारी तीन पाली में मोरवानी स्थित वॉटर फिल्टर प्लांट में पेयजल की शुद्धता का काम करते हैं। यहां पर कर्मचारी तो हैं, लेकिन लैब होने के बाद भी पेयजल की शुद्धता को मापने वाले कर्मचारी का अभाव है। यह कार्य पूर्व में नीरज यादव करते थे, लेकिन उनको झोन का प्रभार दे दिया गया। अब यह कार्य बंद हो गया है। ऐसे में कर्मचारी जो कर देते है, उसी को सही मान लिया जाता है। इससे बारिश आते ही हर बार मटमैला पानी मिलना शुरू हो जाता है। ऐसे में नगर निगम के पास पेयजल की शुद्धता मापने के लिए एक कुशल कर्मचारी का अभाव है। पीएचई के कर्मचारी जरूर बीच बीच में आकर यहां से पानी के नमूने लेते है, लेकिन वो भी कभी कभी होता है।

### इस तरह होता है पेयजल शुद्ध

- पीएसी लीक्विड केमिकल पानी साफ करता है।
- इसकी सरकारी सप्लाय होती है।
- लाखों का हर माह बिजली बिल आता है।
- आए दिन खराब होने वाले पंप रिपेयर करना होते है।
- पेयजल संधारण कार्य में पाइप लाइन का रखरखाव होता है।
- कुल 20 कर्मचारी तीन पाली में काम करते है।

## 100 कॉलोनियों में पेयजल नहीं मिला

### आज भी नहीं होगा पानी का वितरण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. मोरवानी राजपुरा के बीच धोलावाड़ से आने वाली पेयजल पाइप लाइन फोरलने के चल रहे काम के चलते टूट गई। इससे रविवार को पटरी पार. क्षेत्र में पेयजल वितरण नहीं हुआ। अब सोमवार को पटरी के इस पार याने की स्टेशन से लेकर बाजार क्षेत्र में पेयजल नहीं आएगा। इसकी वजह नगर निगम के अधिकारी पेयजल टंकियों के समय पर नहीं भरने को बता रहे है।

### यहां नहीं मिला पेयजल

शहर में एक तरफ जहां साफ पानी नगर निगम नहीं दे पा रही है, वहीं दूसरी तरफ रविवार को तो शहर के करीब 100 कॉलोनियों में पेयजल वितरण हुआ ही नहीं। शहर के बड़बड़, कोमलनगर, 80 फीट रोड, स्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, अंबेडकर नगर, इंद्रलोक नगर, इंदिरा नगर, राजीव नगर, कस्तुरबा नगर, अलकापुरी, प्रियदर्शीनी कॉलोनी, मनीष नगर, टेलिफोन नगर, कस्तुरबा नगर, लक्ष्मणपुरा, गांधीनगर सहित करीब 100 कॉलोनियों पेयजल वितरण टंकी नहीं भरने के चलते नहीं हुआ।

शहर में सोमवार को राजेंद्र नगर, सुभाष नगर, हाट रोड, मौमीनपुरा, शहर सराय, धानमंडी, माणकचौक, घांसबाजार, चौमुखीपुल, चांदनीचौक, दीनदयाल नगर, शांतिनगर, थावरिया बाजार, पैलेस रोड, नजरबाग, हाथीखाना, आनंद कॉलोनी, काजीपुरा, शेरानीपुरा, मोचीपुरा, श्रीमालीवास, स्टेशन रोड, टीआईटी रोड, प्रतापनगर जैसे क्षेत्र में पेयजल वितरण नहीं होगा। निगम के अधिकारियों के अनुसार मोरवानी राजपुरा के बीच पेयजल पाइन लाइन के टूटने से टंकी नहीं भरने से ऐसा होगा।

### जोड़ने का प्रयास जारी

राजपुरा मोरवानी के बीच पेयजल पाइप लाइन को फोरलेन का काम करने वालों ने तोड़ दिया है। इससे रविवार शाम को जिन क्षेत्र में पेयजल का वितरण होना था, वो नहीं हो पाया। अब सोमवार को भी टंकी नहीं भरने से पेयजल वितरण प्रभावित होगा। टूटी पेयजल पाइप लाइन को जोड़ने का प्रयास जारी है।

**- एसपी आचार्य**, सहायक यंत्री, नगर निगम

पत्रिका 19/7/21

# सीएम की चेतावनीः कोरोना अभी गया नहीं, हम तीसरी लहर को निमंत्रण दे रहे हैं

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 7869529283

बाजारों और पर्यटन स्थलों पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए सीएम शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को लोगों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि



वायरस अभी गया नहीं है। प्रदेश में शनिवार को 11 मामले सामने आए थे, जो रविवार को बढ़कर 18 हो गए। ऐसे में जरा सी लापरवाही कर हम तीसरी लहर को निमंत्रण दे रहे हैं। सीएम ने कहा कि वायरस अभी गया नहीं है। ब्रिटेन में 55 हजार के आसपास नए मामले आए हैं। हमारे देश के दक्षिणी और पूर्वोत्तर के राज्यों में कोरोना की स्थिति सबको मालूम है। देश में अब भी ऐसे अनेक जिले हैं, जहां कोरोना संक्रमण की दर 10 प्रतिशत से अधिक है।

इन सब स्थितियों को ध्यान में रखकर उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया कि वे कोरोना संक्रमण को लेकर निश्चित नहीं रहें। मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने और इससे जुड़े अन्य दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें, अन्यथा हम तीसरी लहर को रोकने में सफल नहीं हो पाएंगे।

पीपुल्स 19/7/21

**सुविधा** • सैलाना बस स्टैंड से कॉन्वेंट स्कूल तिराहे तक फोरलेन बनाने की अड़चन दूर होने से मिलेगी राहत

# बैंक परिसर की 4 मीटर जगह का अधिग्रहण, कॉन्वेंट तिराहे तक 14.5 मी. चौड़ा रोड बनेगा

## तिराहे पर 10.25 मीटर जगह थी, इसलिए रुका था काम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

लोकेंद्र भवन रोड और कॉन्वेंट स्कूल वाले तिराहे पर अब वाहन चालकों को लेफ्ट टर्न लेते समय एक्सीडेंट होने का खतरा नहीं रहेगा। एसबीआई कैंपस से सटकर तिराहे तक जा रही पूरी सड़क 14.5 मीटर चौड़ाई में बनेगी। अभी वहां यहां 10.25 मीटर जगह ही थी, जिससे पर्याप्त चौड़ाई नहीं मिल पा रही थी। रविवार को निगम ने बैंक कैंपस की 58 मीटर लंबी और 4 मीटर चौड़ी जमीन का अधिग्रहण कर लिया है। बाउंड्रीवॉल व अन्य निर्माण हटा दिया है।

सड़क निर्माण के दौरान बैंक और उसके ग्राहकों को तकलीफ न हो इसके लिए निगम ने पतरे की अस्थाई बाउंड्रीवॉल बना दी है। इसका सबसे बड़ा फायदा वाहन चालकों को होगा क्योंकि जमीन मिलने से तिराहे का डेंजर लेफ्ट टर्निंग पॉइंट सुधर जाएगा। अभी पर्याप्त घुमाव होने से राइट टर्निंग ठीक है लेकिन लेफ्ट टर्निंग पॉइंट अंधे मोड़ जैसा है। इससे कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं तो कई बार होते-होते बची है। अब सड़क निर्माण में सहूलियत होगी।

**बैंक की बाउंड्री हटने से अब लेफ्ट टर्निंग पॉइंट सुधरेगा, हादसे का अंदेशा खत्म होगा**



कॉन्वेंट तिराहे पर बैंक की बाउंड्री हटाती नगर निगम की जेसीबी। इससे यहां सड़क का चौड़ीकरण हो सकेगा।

### दो बत्ती से महाराजा सज्जन सिंह चौराहे तक हो चुका सीसी वर्क

बत्ती चौराहा से कॉन्वेंट स्कूल तिराहा तक 720 मीटर लंबा फोरलेन बनाने का काम चल रहा है। इसमें से भी दो बत्ती चौराहा से महाराजा सज्जन सिंह चौराहा तक की लगभग 200 मीटर में सीसी वर्क भी हो चुका है। कॉन्वेंट तिराहे की दिक्कत दूर होने के बाद ठेकेदार ने काम बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है।

### सबसे आखिरी में डाट की पुल वाली रोड का किया जाएगा निर्माण

16.38 करोड़ के खर्च वाली मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना में एक फोरलेन और दो टू लेन सहित लगभग 2800 मीटर सड़क बनाई जा रही है। दो बत्ती से कॉन्वेंट स्कूल तिराहे तक निर्माण किया जा रहा है। वहीं दो बत्ती चौराहे से डाट की पुल वाली 230 मीटर लंबी रोड सबसे आखिरी में बनाई जाएगी। इसके लिए भी कुछ अतिक्रमण हटाना पड़ेगा।

### एमओएस भूमि का सार्वजनिक उपयोग करने किया अधिग्रहण

जमीन के लिए एसबीआई बैंक प्रबंधन को पत्र लिखकर चार मीटर जगह मांगी गई थी। रिप्लाई नहीं आने पर नगर निगम ने भूमि विकास अधिनियम 2012 के नियम 55 (2) के तहत जमीन का अधिग्रहण किया। इसमें एमओएस की जमीन को सार्वजनिक उपयोग के लिए लिया जा सकता है। भास्कर

दै. भास्कर 19/7/21